**विधान सभा के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम बुधवार हेतु निर्धारित श्री संजय डोभाल, मा0 सदस्य, विधान सभा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या–1 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 1. क्या खेल एवं युवा कल्याण मंत्री बतायेंगे कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में खेलों का बढ़ावा देने के लिए आतिथि तक कुल कितने मिनी स्टेडियम का निर्माण सरकार द्वारा कराया जा रहा है व कितने मिनी स्टेडियम भविष्य के लिए प्रस्तावित हैं ? | प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के लिए आतिथि/वर्तमान में विभागान्तर्गत जनपदों में कुल 27 मिनी स्टेडियम निर्माणाधीन तथा 78 मिनी स्टेडियमों के भविष्य के लिए प्रस्ताव प्राप्त हैं। |
| क्या मंत्री जी अवगत हैं कि मिनी स्टेडियम के अभाव में पर्वतीय क्षेत्र के युवा अपनी प्रतिभा को दिखाने से वंचित रह रहे हैं ? | जी नहीं। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने हेतु पर्वतीय क्षेत्रों में खेल मैदान/मिनी स्टेडियम विकसित किये जा रहें हैं। |
| क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र यमुनोत्री में भी युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ग्रामीण एवं शहरी स्तर पर मिनी स्टेडियमों का निर्माण सरकार द्वारा कराया जा रहा है ? | जी हां। जनपद उत्तरकाशी के विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री के विकासखण्ड नौगांव में राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंकोली में मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु शासन द्वारा शासनादेश दिनांक 27.02.2025 द्वारा उत्तराखण्ड पेयजल संसाधन विकास एवं निर्माण निगम, देहरादून (खेल इकाई) को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। प्रकरण विचाराधीन है।<br>मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा जनपद उत्तरकाशी के विकासखण्ड नौगांव में स्थित डामटा के टिकरा टॉप में खेल मैदान निर्माण हेतु घोषणा सं0–589/2024 की गयी थी, जिसके कम में शासनादेश दिनांक 20.05.2025 के द्वारा कार्यदायी संस्था नामित कर दी गयी थी, किन्तु वर्तमान में उक्त घोषणा खेल मैदान के स्थान पर मिनी स्टेडियम निर्माण हेतु संशोधित की गयी है, जिसके कम में मिनी स्टेडियम हेतु निर्धारित मानकों के अधीन भूमि की उपलब्धता का परीक्षण किया जा रहा है। |

| | |
|---|---|
| यदि हां, तो क्या सरकार उपरोक्त का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | उपरोक्तानुसार। |
| यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**रेखा आर्या**
**मंत्री**